(c) the purpose of such submarines visiting Ceylon waters ?

THE MINISTER OF DEFENCE (RAKSHA MANTRI) (SHRI JAGJIWAN RAM) : (a) There is no positive evidence in this regard.

(b) and (c). Do not arise.

## शहरी सम्पत्ति की अधिकतम सीमा निर्धारित करने के लिए कानून

817. श्री ईश्वर चौधरी :
श्री आर. वी. बड़े :

क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार शहरी सम्पत्ति की अधिकतम सीमा निर्धारित करने के बारे में कानून बनाने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आई. के. गुजराल) : (क) और (ख). जी, हां। नगरीय सम्पत्ति की ऊपरी सीमा लागू करने के सम्बन्ध में एक विधेयक का मसौदा राज्य सरकारों और संघ क्षेत्रों को उनकी टिप्पणी और सहमति के लिये परिचालित कर दिया है। विधेयक के मसौदे में नगरीय सम्पत्ति की ऊपरी सीमा लागू करने और ऊपरी सीमा से अधिक सम्पत्ति के हस्तान्तरण पर पाबन्दी लगाने तथा सार्वजनिक उद्देश्य के लिए ऊपरी सीमा से अधिक सम्पत्ति को अनिवार्य रूप से अर्जन करने की व्यवस्था है। राज्य सरकारों से शीघ्र उत्तर देने का अनुरोध किया गया है।

## Nylon Factory in Kerala

818. SHRI A. K. GOPALAN : Will the MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS (PETROLEUM AUR RASAYAN MANTRI) be pleased to state :

(a) whether Government are considering a proposal to sanction a Nylon factory in Kerala ;

(b) whether Government have received any representation in this regard from Kerala ; and

(c) if so, the action taken by Government on the same ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND CHEMICALS (PETROLEUM AUR RASAYAN MANTRALAYA MEN UP-MANTRI) (SHRI DALBIR SINGH) : (a) to (c). Yes, Sir. An application from the Kerala State Industrial Development Corporation for the establishment of a Nylon Textile Filament Yarn unit in that State is under consideration along with other applications received in response to the Press Note issued by this Ministry in July 1970.

## नायलोन के धागे के निर्माण के लिये मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम को लाइसेंस देना

819. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम ने नायलोन के धागे के उत्पादन के लिए लाइसेंस प्रदान करने हेतु जुलाई, 1970 में आवेदन पत्र दिया था;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार आशय-पत्र जारी करने का है : और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) जी हां।